एकता संघर्ष विजय

हैरीटेज सिटी थड़ी – ठेला यूनियन जयपुर (रजि.)

प्रधान कार्यालय : म. नं. ई–402, वैशाली नगर, जयपुर मो. : 9829092918

क्रमांक A - 25 दिनांक 20/4/2011

ज्ञापन

सम्मानीय मुख्य कार्यकारी अधिकारी,
जयपुर नगर निगम, जयपुर।

विषय : **थड़ी–ठेले एवं फुटपाथ व्यवसायियों की जीविका के सम्बन्ध में।**

महोदय,

जयपुर के फुटपाथ व्यवसायी जो कि पिछले कई वर्षों से थड़ी–ठेला एवं फुटपाथ पर व्यवसाय करके अपना और अपने परिवार का पालन–पोषण करते आ रहे हैं। परन्तु सरकार एवं स्थानीय प्रशासन की गलत नीतियों के कारण किसी ना किसी बहाने इनके व्यवसाय को उजाड़ा जा रहा है जिससे इनको काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे थड़ी–ठेले एवं फुटपाथ व्यवसायी भूखे मरने की स्थिति में आ गये हैं।

आपको ज्ञात होगा कि राज्य में फुटपाथ व्यवसाय नीति 2007 लागू हुये 3 साल से भी ज्यादा व्यतीत होने के बावजूद भी जयपुर नगर निगम द्वारा इस नीति पर अमल नहीं किया जा रहा है और इसके विपरीत इन्हें बसाने व व्यवस्थित कराने के बजाए इन्हें उजाड़ कर इनकी रोजी–रोटी छीनी जा रही है जिससे यहाँ के थड़ी–ठेला एवं फुटपाथ व्यवसायीयों की स्थिति दिन–प्रतिदिन दयनीय होती जा रही है।

महोदय, हमारी कुछ मांगों को लेकर आपके समक्ष इस आशा में प्रस्तुत हुए हैं कि आप इन गरीब थड़ी–ठेले वालों एवं फुटपाथ व्यवसायीयों की परेशानियों को समझ कर न्याय संगत समस्या का हल करने की कृपा करें।

1. राज्य में लागू फुटपाथ नीति 2007 के आधार पर इनको बसाने का कार्य किया जाये।
2. जब तक राज्य में लागू फुटपाथ नीति 2007 के आधार पर इनको बसाया नहीं जाता है तब तक इन्हें कहीं से भी उजाड कर इनके मूल अधिकार रोजी–रोटी कमाने से वंचित नहीं किया जाये।
3. निगम द्वारा जब्त थड़ी–ठेले एवं सामान को छोड़ने की प्रक्रिया सरल की जाये, जिससे महीनों निगम के चक्कर काटने की वजह से इनका व इनके परिवार की भूखमरी की स्थिति ना रहे।
4. निगम द्वारा किसी भी स्थान पर इनके प्रति कोई भी कार्यवाही की जाती है तो वहाँ के स्थानीय संगठन के पदाधिकारी को विश्वास में लेकर कार्य किया जाये, जिससे थड़ी–ठेले वालों एवं फुटपाथ व्यवसायीयों की समस्याओं का वास्तविक समाधान हो सके।
5. पूर्व में किये गये थड़ी–ठेले वालों एवं फुटपाथ व्यवसायीयों का कोई भी सर्वे पूर्ण व सही तरीके से नहीं किया गया है। अतः इनका सर्वे नये सिरे से संगठन के स्थानीय प्रतिनिधि को विश्वास में लेकर पूर्ण व सही तरीके से किया जाये।

उपरोक्त मांगों पर की गई कार्यवाही से हैरिटेज सिटी थड़ी–ठेला यूनियन, जयपुर को अवगत करवाने का श्रम करें, जिसके लिए हम आपके सदा आभारी रहेगें।

नाथूसिंह राठौड़
(अध्यक्ष)
जयपुर महानगर थड़ी–ठेला फुटपाथ
व्यवसाय संयुक्त संघर्ष समिति

अमित कुमार
(जीविका अभियान)
M. 09351781458
amit.gond@ccs.in

बनवारीशर्मा
बनवारीलाल शर्मा
(अध्यक्ष)

जीविका अभियान